दिनांक–02.10.2024 समय–7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छ भारत दिवस पर आज स्वच्छता से संबंधित कई परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन।
- प्रदेश में एक पखवाड़े से चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन आज, मुख्यमंत्री डॉ. यादव देंगे विकास की कई सौगातें।
- भोपाल में ओलम्पिक एवं पैरालम्पिक पदक विजेता खिलाड़ियों का किया जाएगा सम्मान।
- विद्यार्थी, अपने माता–पिता और गुरुजनों के योगदान, उनके त्याग और तपस्या के प्रति कृतज्ञता का भाव रखें, कहा राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने।

**प्रधानमंत्री–स्वच्छ भारत दिवस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह दस बजे नई दिल्ली के विज्ञान भवन में महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम स्वच्छता के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण जन–आंदोलन स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ के दस वर्ष पूरे होने को दर्शाएगा। प्रधानमंत्री नौ हजार छह सौ करोड़ रुपये की लागत की साफ–सफाई और स्वच्छता से संबंधित कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इनमें अमृत और अमृत–दो के अंतर्गत परियोजनाएं, गोबर्धन स्कीम के अंतर्गत स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन और 15 कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र परियोजनाएं शामिल हैं।

**स्वच्छता पखवाड़ा –भोपाल**

प्रदेश में आज स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन होगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर स्वच्छ भारत एवं अमृत योजना में प्रदेश में 685 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का भूमि–पूजन और लोकार्पण करेंगे। स्वच्छता दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली शामिल होंगे।

**वीसी–संजीव शर्मा**

राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आज गांधी जयंती पर होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव नगर पालिक निगम उज्जैन को थ्री स्टार रेटिंग प्राप्त करने पर यहाँ के 2 हजार 314 सफाई मित्रों को 3 हजार रूपये प्रति व्यक्ति प्रोत्साहन राशि प्रदान करेंगे ।

इस अवसर पर सागर की करीब 300 करोड़ रूपये की सीवरेज योजना, सिवनी–मालवा की 61करोड़ रूपये और छिन्दवाड़ा की 75 करोड़ रूपये की जल प्रदाय योजनाओं का वर्चुअली भूमि–पूजन भी होगा । मुख्यमंत्री प्रदेश के 19 अन्य नगरीय निकायों में सीवरेज और जल प्रदाय परियोजना का भूमि–पूजन करेंगे।

कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान–2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

**श्रद्धांजलि**

कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 155वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। देश भर में और विदेश स्थित भारतीय दूतावासों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज सवेरे बापू की समाधि, राजघाट पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही है।

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती के अवसर पर स्मरण कर रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जनता से सत्य, अहिंसा, प्रेम और पवित्रता के मूल्यों को अपनाने और महात्मा गांधी के सपनों के भारत के विचार को अंगीकार करने के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया है। श्रीमती मुर्मु ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोगों से कहा कि वे देश और समाज के विकास को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहें। उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा के प्रबल समर्थक, बापू का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए एक अनूठा संदेश है। राष्ट्रपति ने कहा कि महात्मा गांधी ने लोगों को शांति और सहयोग के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

**गौशाला–प्रधानमंत्री–ग्वालियर**

महात्मा गाँधी की जयंती पर नवाचार के क्षेत्र में ग्वालियर में नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि –

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्वालियर की आदर्श गौशाला लाल टिपारा में बायो सीएनजी प्लांट का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल एवं केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी वर्चुअल इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। ग्वालियर लाल टिपारा गौशाला में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद भारत सिंह कुशवाह व महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार इस कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से मौजूद रहेंगे। लाल टिपारा गौशाला में 2 अक्टूबर को वायो सीएनजी प्लांट के शुभारंभ के साथ–साथ स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के समापन अवसर पर स्वच्छता मित्रों एवं स्वच्छता चैंपियन का सम्मान भी किया जाएगा। इसके साथ ही दोपहर 12 बजे इटालियन गार्डन फूलबाग पहुँचकर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**खिलाड़ी सम्मान–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राजधानी भोपाल के तात्या टोपे खेल स्टेडियम में ओलम्पिक एवं पैरालम्पिक खेलों के पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। सम्मान समारोह दोपहर 12 बजे से टीटीनगर स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में होगा। इसमें ओलम्पिक पदक हासिल करने वाले हॉकी खिलाड़ी विवेक प्रसाद सागर, पैरालम्पिक पदक प्राप्त जूडो खिलाड़ी कपिल परमार और शूटिंग खिलाड़ी सुश्री रूबीना फ्रांसिस को राज्य सरकार की ओर से एक–एक करोड़ रुपए की राशि का चेक भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। इसी प्रकार ओलम्पिक प्रतिभागी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, पैरालम्पिक प्रतिभागी सुश्री प्राची यादव और सुश्री पूजा ओझा को 10–10 लाख रुपए की राशि का चेक भेंट कर सम्मान किया जायेगा। विश्व सिक्स रेड स्नूकर चैम्पियनशिप के विश्व विजेता कमल चावला को 3 लाख और डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप के विजेता चेतन हेमंत सप्कल को 2 लाख रूपए का चेक भेंट किया जायेगा। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बताया कि समारोह में वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप में विजेता और प्रतिभागिता करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि समारोह में विक्रम पुरस्कार प्राप्त उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय सेवा में नियुक्ति–पत्र प्रदान किये जायेंगे।

**दीक्षांत समारोह–राज्यपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि विद्यार्थी, अपने माता–पिता और गुरुजनों के योगदान को कभी नहीं भूलें और हमेशा उनके त्याग और तपस्या के प्रति कृतज्ञता का भाव रखें। राज्यपाल कल राजा भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागार में हुए समारोह में राज्यापल ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में दूरस्थ शिक्षा, जीविका उपार्जन के साथ आजीवन शिक्षा पाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इस मौके पर राज्यपाल श्री पटेल ने डॉ. होमी जहांगीर भाभा इंस्टीट्यूट के चान्सलर पद्मविभूषण डॉ. अनिल काकोड़कर, इन्टरनेशनल सेंटर फॉर थ्योरेटिकल फिजिक्स के भौतिक विज्ञानी डॉ. आतिश श्रीपाद दाभोलकर, परमाणु ऊर्जा शिक्षा सोसाइटी के डॉ. जे.वी. याख्मी, आईआईटी चेन्नई के प्रोफेसर पद्मश्री डॉ. अशोक झुनझुनवाला समेत अन्य को डॉक्टर ऑफ साइन्स की मानद उपाधि प्रदान की। राज्यपाल श्री पटेल ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को राजा भोज उत्कृष्टता पदक और दीक्षित विद्यार्थियों को उपाधियां दीं।

**मुख्यमंत्री–पुणे**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर को सच्चे अर्थों में सनातन संस्कृति की ध्वजा को लहराने वाली विदुषी प्रशासक बताया है। महाराष्ट्र के पुणे में कल रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी संस्था के राष्ट्रीय चर्चा कार्यक्रम में डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पुणे में शिवाजी महाराज की सरिता की धारा के अलग–अलग तट के हिस्से दिखाई देते हैं। इसके साथ ही सिंधिया, होलकर वंश के शासकों सहित लोक माता के कार्यों का स्मरण सहज ही हो जाता है। पेशवा बाजीराव जी और सिंधिया जी का सहयोग वर्तमान के महाकाल मंदिर उज्जैन के कायम रहने का आधार बना। हमारे शासकों ने उस दौर में महाकाल मंदिर का निर्माण किया, जब बाहरी आक्रामक विभिन्न नगरों को ध्वस्त करने के लिए तैयार बैठे थे। छत्रपति शिवाजी महाराज के साहस और लोकमाता अहिल्या देवी के लोक कल्याणकारी कार्यों का स्मरण आज पूरा राष्ट्र कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर मध्यप्रदेश में होने जा रहे कार्यक्रमों की भी जानकारी दी।

**मौसम**

प्रदेश में मौसम सामान्य बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, जबलपुर, सागर संभागों के जिलों में कहीं–कहीं बारिश दर्ज की गई। अन्य संभागों में मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार, आज रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, मंदसौर, नीमच, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, छतरपुर और टीकमगढ़ जिलों में कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ बारिश होने की संभावना हैं।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- मंदसौर में महिला बाल विकास विभाग मंत्री व जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया ने जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया। वही 121 दिव्यांगों को उपकरण वितरित किए।
- खंडवा पितृमोक्ष अमावस्या पर तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। नर्मदा स्नान के लिए ओंकारेश्वर के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ है।

- नेपाल में हुये भूस्खलन में जबलपुर ज़िले के छः व्यक्तियों के फँसे होने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने आवश्यक कदम उठाते हुए हेल्पलाइन नम्बर जारी किया है।
- धार जिला मुख्यालय स्थित श्रद्धालय वृद्धाश्रम मे अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर समाज सेवा और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाले अनेक वृद्धजनों का सम्मान किया गया।
- डिंडौरी जिले में किसानो को अधिक से अधिक विभागीय योजनाओं की जानकारी देने एवं रबी सीजन की तैयारी की उद्देश्य से विकासखण्डवार, ग्रामवार कृषि तकनीकी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है।

………………………………